# प्रेस नोट थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर दिनांक 20.08.2026

## नकली सोना दिखाकर गोल्ड लोन हेतु आईडीबीआई बैंक में धोखाधड़ी करने के आरोप में 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

धोखाधड़ी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक कैण्ट के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 441/2026 धारा 318(4) भा0न्या0सं0 से संबंधित अभियुक्तगण 1. दुर्विजय कुमार पुत्र दीनानाथ निषाद 2. सरवन कुमार निषाद पुत्र स्व0 तोलई निषाद को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 18.08.2026 को अभियुक्तो द्वारा आई0डी0बी0आई बैंक में खाता खुलवाया गया और गोल्ड लोन के लिए आवेदन किया गय़ा। नकली सोना दिखाते हुए धोखाधड़ी के उद्देश्य से गोल्ड लोन कराने की कोशिश की गयी। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

1. दुर्विजय कुमार पुत्र दीनानाथ निषाद निवासी लक्ष्मणपुर बिस्वा थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर
2. सरवन कुमार निषाद पुत्र स्व0 तोलई निषाद निवासी ब्रम्हपुर थाना झंगहा गोरखपुर

**गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 441/2026 धारा 318(4) भा0न्या0सं0 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

**गिरफ्तारी की टीम-**

1. उ0नि0 अवनीश कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी गोलघर थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
2. का0 कुमार रवि थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
3. का0 अजीत कुमार थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर